य एषु सुप्तेषु जागर्ति | वर्ष 04 | अंक 44 | पृष्ठ 16 (12+4) | मूल्य 5.00 | झुंझुनूं, बुधवार, 19 नवम्बर, 2025 | मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष चतुर्दशी संवत् 2082
राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, गुजरात, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और दिल्ली से प्रकाशित

राजस्थान पत्रिका

आज के अंक के साथ परिवार
मस्क्यूलिनिटी सिर्फ एक सोशल प्रेशर

भारत के बारे में काफी सुना है, यहां खेलने के लिए बेताब हूं: एलिना
@स्पोर्ट्स &गेमिंग

जयशंकर बोले- आतंक पर लीपापोती अब नहीं चलेगी
@इंडिया &वर्ल्ड

दुनिया का पहला 'हैंडबैग फंड', 40 दिन में ही दिया 34 फीसदी रिटर्न
@बिजनेस &वेल्थ

स्वच्छता अभियान में योगदान देने वाले विद्यार्थी पुरस्कृत

पिलानी. विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते अतिथि।

पिलानी. केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (सीरी) में सोमवार देर शाम सतर्कता जागरूकता सप्ताह का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान निदेशक डॉ. पी.सी. पंचारिया ने की। समारोह में बीकेबीआईईटी, बिरला शिशु विहार एवं सीरी विद्या मंदिर के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता दर्ज कराई। डॉ. पंचारिया ने अपने संबोधन में भ्रष्टाचार मुक्त भारत के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि हर नागरिक को ईमानदारी और सतर्कता के अभियान में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वच्छता और नैतिक मूल्यों को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के दौरान हाल ही में आयोजित वाद-विवाद, निबंध लेखन, पोस्टर प्रतियोगिता सहित विभिन्न जागरूकता गतिविधियों के विजेताओं को सम्मानित किया गया। वरिष्ठ हिंदी अधिकारी रमेश बोरा ने बताया कि छात्रों ने उत्कृष्ट रचनात्मकता और जागरूकता का परिचय दिया। इस अवसर पर डॉ. सुचंदन पाल ने सप्ताह के दौरान हुई गतिविधियों की जानकारी प्रस्तुत की, जबकि पीएमई प्रमुख प्रमोद तंवर ने अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।